D:\STENO\ST23PM7 (120)


# Sri Varshney College, Aligarh

Grade B+ Accredited by NAAC

**Principal**

कार्यालय नं0: 0571-2404414
मो0 : 9412389058
e-mail : svcaligarh13@gmail.com


दिनांक : 27-09-2022

## बी0ए0 / बी0एससी0 / बी0कॉम0 तृतीय वर्ष में प्रवेश सम्बन्धी आवश्यक सूचना

महाविद्यालय में बी0ए0/बी0एससी0/बी0कॉम0 तृतीय वर्ष की प्रवेश समिति को प्रवेश आवेदन पत्र इस आशय से प्रेषित किये जा रहे हैं कि उक्त प्रवेश आवेदन पत्र वाले छात्र-छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 29-09-2022 से दिनांक 10-10-2022 तक सम्पन्न होगी ।

1. प्रवेश हेतु आवेदन पत्र श्री देव कुमार अरोरा के माध्यम से आपको प्रेषित किये जायेंगे ।
2. प्रवेश हेतु छात्र-छात्रा सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होंगे ।
3. छात्र-छात्रा के प्रवेश आवेदन पत्र के साथ द्वितीय वर्ष की अंकतालिका, आधार कार्ड, द्वितीय वर्ष के प्रवेश कार्ड की छाया प्रति अवश्य संलग्न करानी होगी ।
4. प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् छात्र-छात्रा को उसका प्रवेश कार्ड पूर्ण कर वापस दिया जायेगा तथा सम्बन्धित छात्र-छात्रा की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् प्रत्येक कार्यदिवस में उसके आवेदन पत्र को श्री देवकुमार अरोरा को उपलब्ध करा दें।
5. सम्बन्धित छात्र-छात्रा जिस दिन अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करायेगा उसके दूसरे दिन ऑन लाइन प्रवेश शुल्क जमा करना आवश्यक होगा ।
6. सम्बन्धित प्रवेश समिति यह भी ध्यान रखें कि प्रत्येक प्रवेश आवेदन पत्र पर अनिवार्य रूप से आवंटित विषय (वैकल्पिक विषय सहित) भी अंकित करने का कष्ट करें ताकि परीक्षा आवेदन पत्र अपलोड करते समय किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो ।

**प्रवेश प्रक्रिया**

1 बी0ए0 तृतीय वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया अर्थशास्त्र विभाग से सम्पादित होगी।

2 बी0एससी0 तृतीय वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया वनस्पति विज्ञान विभाग से सम्पादित होगी ।

3 बी0कॉम0 तृतीय वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया वाणिज्य संकाय से सम्पादित होगी ।

प्राचार्य